# कार्यालय संचालक

## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

(Telephone-0771-2511974, email- dirfood.cg@gov.in, website-www.khadya.cg.nic.in)


क्रमांक 236 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17/2/2026

प्रति,

1. **समस्त कलेक्टर,**
   छत्तीसगढ़
2. **प्रबंध संचालक,**
   अपेक्स बैंक,
   अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.
3. **प्रबंध संचालक,**
   छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
   अटल नगर, नवा रायपुर

**विषय :–विधानसभा प्रश्न कमांक 1108 अतारांकित द्वारा श्री पुन्नूलाल मोहले, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1108 अतारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 19.02.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 237 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 17 / 2 / 2026

**प्रतिलिपि :–**

समस्त खाद्य नियंत्रक / खाद्य अधिकारी, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

## प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **27/02/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **09/03/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **प्रदेश में धान खरीदी**

( **अतारांकित** प्रश्न क्रमांक : **1108** ) **श्रीपुन्नूलाल मोहले**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) प्रदेश में दिनांक 10/02/26 तक धान खरीदी हेतु कुल कितने कृषक पंजीकृत हैं? पंजीकृत कृषकों में से कितने कृषकों का कुल कितना धान 05 फरवरी, 2026 तक खरीदी की गई है? धान खरीदी के एवज में उक्त कृषकों को कुल कितनी राशि का भुगतान किया गया है? जिलेवार जानकारी देवें? (ख) क्या प्रश्नांक "क" अनुसार उक्त अवधि में जिलों के धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी में अनियमितता एवं बारदाना की कमी, अमानक बारदाना, सूखत के नाम पर ज्यादा मात्रा में धान तौलने एवं रकबा शून्य संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं? प्राप्त शिकायतों मे से कितनी शिकायतों पर कार्यवाही की गई? एवं कितनी लंबित हैं?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 17/02/2026 02:08:49 |

**Remark :**